# सीएमसीएलडीपी छात्रों से आर्थिक स्वावलंबन का प्रयास

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों द्वारा समाज में स्वैच्छिकता व सामूहिकता के भाव से कार्य करने की प्रेरणा जाग्रत करने एवं ग्राम को एक नई दिशा प्रदान करते हुए बालाघाट जिले के बैहर विकासखंड के ग्राम धीरी में अनुकरणीय कार्य किया है। ग्रामीणों का पलायन रोकना वर्तमान समस्या थी। गांव में लोगों को रोजगार की तलाश में पलायन एक बड़ी समस्या थी। धान की कटाई के बाद अधिकतर ग्रामीण पलायन कर जाते थे। प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं छात्रों के सहयोग से गांव में पलायन की समस्या को लेकर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न पहलुओं पर पलायन रोकने हेतु चर्चा की गई व तीन बार चौपाल आयोजन के बाद सभी ग्रामीणों ने तय किया कि इस वर्ष ग्राम में आय बढ़ाने हेतु आलू का उत्पादन किया जाए तथा इस हेतु ग्राम के 16 कृषकों के सामूहिक प्रयास से 25 एकड़ खेत में आलू की फसल का उत्पादन किया जा रहा है तथा बगैर शासकीय मदद के केवल सामूहिक प्रयासों के कारण ग्राम स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान में उक्त कार्य से बाकी लोगों को भी प्रेरणा मिल



रही है व इस वर्ष लोगों का पलायन कम हुआ है।